# पूरा हुआ स्व.चंद्रकांत दोशी का सपना

# भारत के राज कोट से लांच हुई विश्व स्तरीय Pentafoil



एक्सट्रूशन में उत्कृष्टता प्रदान करने वाली कंपनी 'राजू इंजीनियर लिमिटेड' ने विगत 37 वर्षों से एक्सट्रूशन क्षेत्र में कई बेहतरीन मुकाम हासिल किया है। राजू के कायापलट का सिलसिला 1986 मंआ इसकी स्थापना के दौरान ही शुरू हो चूका था। राजू इंजीनियर ने मोनो और मल्टीलेयर ब्लोन फिल्म लाइन, शीट लाइन से लगाए आज की पीढ़ी का जैव आधारित और विदेशी बहुलक (extrusion) पॉलीमर जैसे LDPE, MDPE, HDPE, PE विकसित किया। राजू इंजीनियर अपने बेहतरीन सामग्री और विभिन्न एप्लीकेशन के लिए हमेशा चर्चा में बना रहता है। इसी क्रम में 'राजू इंजीनियर' ने अपनी सालों की मेहनत के बाद राजकोट गुजरात में पांच लेयर ब्लोन फिल्म लाइन–'Pentafoil' लांच किया है।

Pentafoil की विशेषताओं को यदि देखा जाए तो Pentafoil– पीओडी कई उन्नत सुविधाओं के साथ कंपनी के पोर्टफोलियो में नवीनतम जोड़ है। इसमें relEX 4-0 एक्सट्रूडर शामिल हैं, जिससे आउटपुट में 27: की वृद्धि हुई हैय सीएसडी 3.0, 550 mm डाई के साथ 720 किग्रा/घंटा का आउटपुट प्रदान करता हैय और फ्लेक्सीविंड 3.0 सरफेस–सेंटर–गैप वाइन्डर, जिसकी अधिकतम लाइन स्पीड 150 उचउ है। इसमें हवा और तापमान द्वारा मोटाई नियंत्रण शामिल है। यह उद्योग 4.0 का रिमोट डायग्नोस्टिक्स और स्मार्ट ग्लासेस के माध्यम से समर्थन के अनुरूप है।

Pentafoil–पीओडी शुक्रवार, 09 सितंबर, 2022 को राजकोट में राजू के ओपन हाउस कार्यक्रम में पेश किया गया था और इसमें पूरे देश और यहां तक कि पड़ोसी देशों के प्रोसेसर ने भी भाग लिया था।

बता दें की राजकोट गुजरात स्थित राजू इंजीनियर्स लि. ने अपने प्रोडक्शन प्लांट में अपनी फाइव–लेयर को–एक्सट्रुडेड ब्लो फिल्म लाइन के लिए एक ओपन हाउस कार्यक्रम किया। राजू इंजीनियर्स के निदेशक

**❛**

**आज के 4 साल पहले राजू इंजिनियर्स लिमिटेड से एक मशीन खरीद कर ले गए छत्तीसगढ़ के अनिल मूंदड़ा बताते हैं कि राजू इंजिनियर्स लिमिटेड का जितना बेहतरीन प्लांट है उतना ही बेहतरीन इन लोगों का व्यवहार भी है**

**❛❛**




सुनील जैन बताते हैं की च्मदजंविपस को विकसित करने के पीछे का मकसद उन ग्राहकों तक यह उपकरण पहुँचाना था जो अपने उत्पादन और उत्पादकता के स्तर को बढ़ाना चाहते हैं।

5 लेयर को–एक्सिट्रयूडेड ब्लोंन फिल्म लाइनों को विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न एप्लिकेशन सेगमेंट जैसे कि कोलेशन श्रिंक फिल्म, लेमिनेशन ग्रेड फिल्म, दूध और पानी के पाउच, खाद्य तेल, बैरियर और नॉन–बैरियर दोनों च्व्व के लिए आउटपुट के साथ तैयार किया गया है। इसकी क्षमता 250 किग्रा/घंटा से 1500 किग्रा/घंटा और ले–फ्लैट चौड़ाई 1200 mm से 5000 mm तक है।

**उद्यमियों ने की प्रशंसा**

सौराष्ट्र की सुप्रसिद्ध कंपनी पार्थ पालीवूवेन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर भरत सिरोय संयुक्त व्यापार से हुई बातचीत के दौरान कहते हैं कि Pentafoil एक विश्वस्तरीय मशीन है इसमें जो हॉट एंड कूल एयर रिंग में ड्यूल फीचर आया है, वह अपने आप में महत्वपूर्ण है, इस फीचर से 70 परसेंट माइक्रोन वेरिएशन कम आ सकता है जो बिल्कुल लेटेस्ट टेक्नोलॉजी है जो कि अभी तक इंडिया में नहीं थी। श्री भरत आगे बताते हैं कि राजू इंजिनियर्स लिमिटेड से उनका व्यवसायिक संबंध 1993 से है।

जब उन्होंने अपना काम शुरू किया था तो उस समय उनके पास सिर्फ 10 लोगों का स्टाफ था और 25 से 30 लाख का टर्नओवर था लेकिन राजू इंजिनियर्स की मशीन की बदौलत आज वह 50 करोड़ वार्षिक टर्नओवर तक पहुंच चुके हैं, उन्होंने कहा कि राजू इंजिनियर्स लिमिटेड की मशीन ले जाने पर सबसे बड़ी खास बात इसकी आफ्टर सेल्स सर्विस है जो बहुत ही बेहतरीन है।

श्री भरत सिरोय के पार्टनर बादल बावरिया संयुक्त व्यापार से राजू इंजिनियर्स लिमिटेड के आफ्टर सेल्स सर्विस की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुये कहते हैं कि मशीन में किसी भी तरह की समस्या होने पर 24 घंटे के अंदर हमारी समस्या हल हो जाती है।

आज के 4 साल पहले राजू इंजिनियर्स लिमिटेड से एक मशीन खरीद कर ले गए छत्तीसगढ़ के अनिल मूंदड़ा बताते हैं कि राजू इंजिनियर्स लिमिटेड का जितना बेहतरीन प्लांट है उतना ही बेहतरीन इन लोगों का व्यवहार भी है उन्होंने आगे पेन्टाफाइल के बारे में बताते हुये कहा कि हमने कभी सोचा भी नहीं था कि इंडिया में इस तरह की भी मशीन आएगी! इतनी हाई स्पीड में इतना अच्छा क्वालिटी वाला प्रोडक्शन मैंने अभी तक नहीं देखा था उन्होंने कहा कि इसकी क्लीयरिटी बहुत ज्यादा है जो महत्वपूर्ण है, इस मशीन को देखने के बाद अब यह सपना हो गया है कि अपने पास भी एक ऐसी मशीन होनी चाहिए!

इसी तरह राजकोट के गोपाल प्रिंट पैक सोल्युशन के डायरेक्टर डेनिश रोकड़ बताते हैं कि राजू इंजीनियर्स लिमिटेड विश्वास का ही दूसरा नाम है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पेन्टाफाइल के रूप में जो विश्वस्तरीय मशीन कंपनी ने लांच की है, उसे समूचा सौराष्ट्र क्षेत्र गौरवान्वित है! ■

# जिस दिन से आपको अपने प्रोडक्ट में कमी दिखना बंद हो जाए समझ लें विकास रुक गया है !-खुशबू दोशी



राजू इंजीनियर्स लि. के पास आफ्टर सेल सर्विस के लिए 40 लोगों की एक बेहतरीन टीम है, जो इस पर ही काम कर रही हैं। मेरी माने तो सेल्स के लोग कम होने चाहिए बल्कि हमें ज्यादा ध्यान एक अच्छी लागत वाली उपयोगी मशीन बनाने पर ज्यादा देना चाहिए, और उसके बाद आफ्टर सेल्स सर्विस पर फोकस करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान संयुक्त व्यापार की मुलाकात एक सफल युवा महिला उद्यमी और राजू इंजीनियर्स की प्रबंध संचालक खुशबू दोशी से हुई। शालीन स्वभाव और बहुआयामी व्यक्तित्व की धनी खुशबू दोशी ने एक बड़े स्तर पर भारत में पहला पांच लेयर ब्लों फिल्म लाइन 'पेंटाफोइल' लांच किया है। खुशबू दोशी ने मशीन से लेकर राजू इंजीनियर्स लि. के बारे में **"संयुक्त व्यापार"** से तमाम जानकारियां सॉंझा की।

**संयुक्त व्यापार**—राजकोट में हो रहे इस लांच कार्यक्रम के बारे में आपका क्या कहना है?

**खुशबू दोशी**—इस कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य 'Pentafoil' को लांच करना था। यह मशीन एशिया की सबसे ज्यादा लाइन स्पीड और आउटपुट देने वाली मशीन है। एक समय पर हम इस मशीन को लेकर बहुत चिंतित थे लेकिन आखिरकार हमारी मेहनत रंग लाई, यह मशीन मेरे पिता चंद्रकांत दोशी का सपना था और मुझे पूरा विश्वास है की पापा जहाँ भी होंगे हमारी इस सफलता से खुश हो रहे होंगे। इस मशीन की आपूर्ति अहमदाबाद स्थित विंध्यांचल प्रिंट और पैक में होगी। विध्यांचल प्रिंट और पैक HUL और P&G जैसे बड़े ब्रांड्स को मशीन सप्लाई करता है। इससे मशीन की गुणवत्ता को लेकर सराहना मिलती है।

**संयुक्त व्यापार**—पेंटाफोइल मशीन की खास बात क्या है?

**खुशबू दोशी**—मशीन की खास बात इसका आउटपुट है जो की 700 kg/hr से लेकर 750 kg/hr है। साथ ही अगर मोटा गॉज फिल्म संसाधित हो रहा है तो आउटपुट 800 kg /hr भी हो सकता है।

**संयुक्त व्यापार**—आप इस मशीन को लेकर अपने ग्राहकों से क्या कहेंगी?

**खुशबू दोशी**—इस मशीन को लेकर मैं यही कहना चाहूंगी की जैसा प्रधानमंत्री ने कहा है की, 'वोकल फॉर लोकल' तो यह मशीन एक कोशिश है की शायद लोगों को इस तरह की मशीन खरीदने के लिए भारत के बाहर जाने की जरुरत न पड़े।

**संयुक्त व्यापार**—आपके आगे का ड्रीम प्रोजेक्ट क्या है?

**खुशबू दोशी**—प्लास्टिक अभी सरकार को थोड़ा तकलीफ दे रहा है तो हमने भी ऐसी अनुप्रयोगों को ग्राहकों के बीच उतारने का लक्ष्य रखा है जो सरकार के नियमों के हिसाब से हो और उसमें उन्हें फायदा हो। जैसे हमने सोलर पैनल को लेकर योजना बनाई है जिसमें हम इन सोलर पैनल्स में लगने वाली शीट्स जिसके लिए उपयोग होने वाली मशीनों का निर्माण भारत में नहीं होता ,यह अधिकतर चीन या फिर युरोपियन देशो से ही होते है उसका निर्माण करेंगे। इस मशीन के साथ हम रिन्यूएबल सेक्टर में भी आगे काम करना चाहते हैं।

**संयुक्त व्यापार**—पेंटा फाइल को लेकर चूँकि आपके पापा का सपना बहुत वर्षों बाद पूरा हुआ है तो आपको कैसा महसूस हो रहा है?

**खुशबू दोशी** —बहुत ही अच्छा महसूस हो रहा है। ये पूरी टीम की मेहनत का नतीजा है, कंपनी का एक भी ऐसा आदमी नहीं है जिसने इस प्रोजेक्ट पर काम नहीं किया है। इसमें हम पिछले डेढ़ साल से काम कर रहे थे और कोरोना के समय हमने इस विचार को गढ़ना शुरू किया था । अपना टीमवर्क देख कर भी बहुत अच्छा लग रहा है। हर एक आदमी ने रात रात भर जागकर इसपर काम किया है। मेरा ये विश्वास है की अगर ऐसा टीमवर्क रहा तो आगे हम जितनी भी चीजें करेंगे उनके साथ बेहतरीन कर पाएंगे।

**भारत में राजू इंजीनियर्स लि. का एक बेहतरीन सेवा नेटवर्क है इसके साथ ही विदेशों में जैसे अमेरिका, नाइजेरिया और अफ्रीकन देशों में भी हमारा एक विशाल सर्विस नेटवर्क है। कोरोना के बाद हमने इस नेटवर्क को और मजबूत बनाते हुए ग्राहकों की सुविधा के लिए डिजिटल सर्विस प्रदान की हैं। इससे ग्राहकों का यात्रा का समय बचेगा और उनका हमारे उपकरणों पे विश्वास बढ़ेगा। डिजिटल हमारे लिए एक अलग अनुभव भी रहा है।**

**संयुक्त व्यापार**—2015 में जब मैंने आपका इंटरव्यू किया था तो आपने आफ्टर सेल सर्विस की बात की थी, और कंपनी ज्वाइन करते ही आप ने सबसे पहले इस फील्ड को संभाला! आज मैंने आपके ग्राहकों से बात की सबने राजू की आफ्टर सेल्स सर्विस की तारीफ की? क्या कहेंगी ?

**खुशबू दोशी** —सबसे पहले मैं ग्राहकों का धन्यवाद ज्ञापित करूंगी कि उन्होंने राजू इंजिनियर्स लिमिटेड के आफ्टर सेल्स सर्विस की सराहना की! आफ्टर सेल्स सर्विस के लिए हमने एक ही बात दिल में रख ली की कोई ग्राहक हमें परेशान करने के लिए शिकायत नहीं करता, वह दुखी या असंतुष्ट होता है तो ही हमारे पास आता है, क्योंकि उसे हम पर विश्वास है की हम उसकी समस्या का निराकरण करेंगे। राजू इंजीनियर्स लि. के पास आफ्टर सेल सर्विस के लिए 40 लोगों की एक बेहतरीन टीम है, जो इस पर ही काम कर रही हैं। मेरी माने तो सेल्स के लोग कम होने चाहिए बल्कि हमें ज्यादा ध्यान एक अच्छी लागत वाली उपयोगी मशीन बनाने पर ज्यादा देना चाहिए, और उसके बाद आफ्टर सेल्स सर्विस पर फोकस करना चाहिए। जब आप एक बार बेहतरीन मशीन देंगे तो ग्राहक खुदबखुद आपके पास आता है, आपको ज्यादा सेल्स के लिए मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ती। भारत में राजू इंजीनियर्स लि. का एक बेहतरीन सेवा नेटवर्क है इसके साथ ही विदेशों में जैसे अमेरिका, नाइजेरिया और अफ्रीकन देशों में भी हमारा एक विशाल सर्विस नेटवर्क है। कोरोना के बाद हमने इस नेटवर्क को और मजबूत बनाते हुए ग्राहकों की सुविधा के लिए डिजिटल सर्विस प्रदान की हैं। इससे ग्राहकों का यात्रा का समय बचेगा और उनका हमारे उपकरणों पे विश्वास बढ़ेगा। डिजिटल हमारे लिए एक अलग अनुभव भी रहा है।

**संयुक्त व्यापार**—संयुक्त व्यापार के पाठकों के लिए आप क्या कहना चाहती हैं?

**खुशबू दोशी**—पाठकों से मैं यहीं कहना चाहती हूँ की मुझे अपना आशीर्वाद दें और राजू इंजीनियर्स लि. को इसी तरह अपना प्यार देते रहे। हम लगातार नई चुनौतियों के लिए तैयार रहते हैं, हम इसी तरह अपने ग्राहकों के लिए भविष्य में भी नए उपकरणों के साथ खड़े रहेंगे। मैं सबको यही बोलना चाहूंगी की जिस दिन आपको अपने प्रोडक्ट में कमी दिखना बंद हो जाए समझ लीजिये आपका विकास रुक गया है।